Regarding need to lift ban on export of Soyabean and Cotton-laid

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): मैं सरकार का ध्यान देशभर में विशेषकर महाराष्ट्र के मेरे निर्वाचन क्षेत्र बुलढाना में हुये सोयाबीन और कपास की फसल की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा । मेरे निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य फसल सोयाबीन और कपास का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है । इस फसल के लिए किसानों को काफी मेहनत और खर्चा भी करना पड़ता है । विगत वर्षों में कई बार ओलावृष्टि और प्राकृतिक आपदा के कारण इन किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ा है । किंतु केन्द्र सरकार द्वारा सोयाबीन और कपास के लिए जो आयात-निर्यात नीति निर्धारित की गई है, उसके कारण बाजार में इन फसलों के दामों में भारी गिरावट आई है । अत: मैं विनम्र अनुरोध के साथ कहना चाहूंगा कि केन्द्र सरकार द्वारा सोयाबीन के संबंध में निर्धारित आयात नीति में और साथ ही में कपास के लिए भी निर्यात संबंधी जो पाबंदियां लगाई गई हैं उनमें भी परिस्थितियों के अनुसार बदलाव की नितांत आवश्यकता है । मेरा सुझाव है कि सर्वप्रथम केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही उचित दामों पर किसानों की फसल की खरीदी की जाये उसके बाद ही जरूरत के अनुसार फसलों का आयात या निर्यात किया जाये ।